पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की सूची (वर्ष 1947 से अब तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-chief-ministers-of-west-bengal

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री (1947-2021): (Chief Ministers of West Bengal in Hindi)

पश्चिम बंगाल सामान्य ज्ञान:

पश्चिम बंगाल (भारतीय बंगाल) भारत के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित एक राज्य है। इसकी राजधानी कोलकाता है। इसके उत्तर में भूटान और सिक्किम, पूर्व में **बांग्लादेश** और उत्तर-पूर्व में **असम** है। यह दक्षिण की ओर से बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पश्चिम की ओर से **ओडिशा**, उत्तर-पश्चिम की ओर से नेपाल और पश्चिम की ओर से **बिहार** से घिरा है। इस राज्य मे 20 ज़िले है। यहां की मुख्य भाषा बांग्ला है।

Quick Info About Chief Ministers of West Bengal in Hindi:

वर्तमान मुख्यमंत्री	ममता बनर्जी
राजनीतिक दल	तृणमूल कांग्रेस
शपथ ग्रहण की तिथि	20 मई 2011
प्रथम मुख्यमंत्री	प्रफुल्ल चंद्र घोष

पश्चिम बंगाल का इतिहास:

बंगाल पर इस्लामी शासन 13वीं शताब्दी से प्रारंभ हुआ तथा 16वीं शताब्दी में मुग़ल शासन में व्यापार तथा उद्योग का एक समृद्ध केन्द्र में विकसित हुआ। 15वीं शताब्दी के अन्त तक यहाँ यूरोपीय व्यापारियों का आगमन हो चुका था तथा 18वीं शताब्दी के अन्त तक यह क्षेत्र ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के नियन्त्रण में आ गया था। भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का उद्गम यहीं से हुआ। 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ और इसके साथ ही बंगाल, मुस्लिम प्रधान पूर्व बंगाल (जो बाद में बांग्लादेश बना) तथा हिंदू प्रधान पश्चिम बंगाल (भारतीय बंगाल) में विभाजित हुआ।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री:

वर्तमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। ममता बनर्जी ने 20 मई 2011 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ ही यह पश्चिम बंगाल की पहली महिला मुख्यमंत्री भी हैं। पश्चिम बंगाल के **प्रथम मुख्यमंत्री** प्रफुल्ल चंद्र घोष थे।

वर्ष 1947 से अब तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों की सूची:

पश्चिम बंगाल के प्रीमियर:

मुख्यमंत्री का नाम	पदमुक्ति	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी

मुख्यमंत्री का नाम	पदमुक्ति	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
प्रफुल्ल चंद्र घोष	15 अगस्त 1947	22 जनवरी 1948	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
बिधान चंद्र राय	23 जनवरी 1948	25 जनवरी 1950	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री:

मुख्यमंत्री का नाम	पदमुक्ति	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
बिधान चंद्र राय	26 जनवरी 1950	01 जुलाई 1962	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
प्रफुल्ल चंद्र सेन	01 जुलाई 1962	28 फरवरी 1967	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
अजय कुमार मुखर्जी	01 मार्च 1967	21 नवंबर 1967	बांग्ला कांग्रेस
प्रफुल्ल चंद्र घोष	21 नवंबर 1967	19 फरवरी 1968	स्वतंत्र
राष्ट्रपति शासन (20 फरवरी 1968 से 25 फरवरी 1969 तक)			
अजय कुमार मुखर्जी	25 फरवरी 1969	30 जुलाई 1970	बांग्ला कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (30 जुलाई 1970 से 02 मार्च 1971 तक)			
अजय कुमार मुखर्जी	02 अप्रैल 1971	25 जून 1971	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (25 जून 1971 से 19 मार्च 1972 तक)			
सिद्धार्थ शंकर रे	20 मार्च 1972	30 अप्रैल 1977	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (30 अप्रैल 1977 से 20 जून 1977 तक)			
ज्योति बसु	21 जून 1977	05 नवंबर 2000	कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
बुद्धदेव भट्टाचार्य	06 नवंबर 2000	13 मई 2011	कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
ममता बनर्जी	20 मई 2011	वर्तमान में	तृणमूल कांग्रेस

You just read: Pashchim Bangaal Ke Mukhyamantriyon Ke Naam, Kaaryakaal Aur Unaki Raajaneetik Party (varsh 1947 Se 2021)